'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 14 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शनिवार, 30 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

# हरियाणा विस अध्यक्ष ने गठित की विधान सभा की 14 कमेटियां

**अनिल विज करेंगे लोक उपक्रमों संबंधी और शिष्टाचार समिति की अध्यक्षता**

**दुष्यंत चौटाला नियम समिति में सदस्य, प्राक्कलन समिति की कमान कमलेश ढांडा को**

**देवेन्द्र सिंह बबली और संदीप सिंह को भी कमेटियों में चेयरपर्सन बनाया**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 29 मार्च।** हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा की समितियों का गठन किया है। इनमें से विशेषाधिकार समिति नई समिति के गठन होने तक जारी रहेगी। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष के आदेशानुसार विधान सभा सचिवालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर इसे हरियाणा सरकार के राजपत्र के असाधारण अंक के प्रकाशन के लिए भेज दिया है। अधिसूचना को सूचनार्थ सभी विधायकों, प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, महाधिवक्ता, प्रशासनिक सचिव, सभी विभागाध्यक्षों, प्रधान महालेखाकार लेखापरीक्षा और लेखा एवं हकदारी को भी भेजा गया है।

विधान सभा की नियम समिति में विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता पदेन अध्यक्ष होंगे। इस समिति में नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, विधायक दुष्यंत चौटाला, किरण चौधरी, गीता भुक्कल, अभय सिंह चौटाला, घनश्याम दास अरोड़ा, सुधीर कुमार सिंगला सदस्य होंगे।

आवास समिति के लिए विधान सभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा को पदेन चेयरपर्सन नामित किया गया है। इस समिति में विधायक हरविंद्र कल्याण, आफताब अहमद, राम कुमार गौतम, रणधीर सिंह गोलन सदस्य होंगे।

लोक लेखा समिति के चेयरपर्सन गत वर्ष की तरह ही वरुण चौधरी को बनाया गया है। विधायक राम कुमार कश्यप, नरेन्द्र गुप्ता, भव्य बिश्नोई, अमित सिहाग, सुरेन्द्र पंवार, जोगी राम सिहाग, राम निवास, रणधीर सिंह गोलन सदस्य रहेंगे।

प्राक्कलन समिति में विधायक कमलेश ढांडा को चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। विधायक ईश्वर सिंह, राव दान सिंह, जयवीर सिंह, गोपाल कांडा, प्रमोद कुमार विज, राजेश नागर, मेवा सिंह और बलराज कुंडू इस कमेटी में सदस्य होंगे।

लोक उपक्रमों संबंधी समिति की अध्यक्षता विधायक अनिल विज करेंगे। विधायक दूड़ा राम, भारत भूषण बत्तरा, प्रदीप चौधरी, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सुधीर कुमार सिंगला, सीता राम यादव, चिरंजीव राव, कुलदीप वत्स को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

अनुसूचित जातियों, जन जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए समिति की अध्यक्षता सत्य प्रकाश करेंगे। इस समिति में विधायक अनूप धानक, लक्ष्मण नापा, राजेश नागर, रेनू बाला, शीशपाल सिंह, चिरंजीव राव, राम करण, धर्मपाल गोंदर को सदस्य बनाया गया है।

सरकारी आश्वासनों के बारे में गठित समिति के चेयरपर्सन आफताब अहमद होंगे। इस समिति में विधायक राजेन्द्र सिंह जून, दूड़ा



राम, सीताराम यादव, देवेन्द्र सिंह बबली, अमरजीत ढांडा, बलबीर सिंह, सुभाष गंगोली, धर्मपाल गोंदर को सदस्य नामित किया गया है।

अधीनस्थ विधान समिति की अध्यक्षता विधायक लक्ष्मण सिंह यादव करेंगे। विधायक जगबीर सिंह मलिक, अभय सिंह चौटाला, जयवीर सिंह, घनश्याम सर्राफ, संदीप सिंह, अमित सिहाग, इन्दुराज, और हरियाणा के महाधिवक्ता को इसमें सदस्य बनाया गया है।

याचिका समिति में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को चेयरपर्सन बनाया गया है। विधायक जगबीर सिंह मलिक, गीता भुक्कल, शकुन्तला खटक, लीला राम, ओम प्रकाश यादव, लक्ष्मण सिंह यादव, राम निवास, सोमबीर सांगवान को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं सम्बन्धी समिति की अध्यक्षता विधायक ओम प्रकाश यादव करेंगे। इस समिति में विधायक घनश्याम सर्राफ, जगदीश नायर, बिशन लाल सैनी, राम कुमार गौतम, नीरज शर्मा, सुरेन्द्र पंवार, राम करण, राकेश दौलताबाद को सदस्य बनाया गया है।

जन स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली तथा लोक निर्माण (भवन तथा सड़कें) सम्बन्धी विषय समिति में विधायक दीपक मंगला को अध्यक्ष बनाया गया है। विधायक मोहम्मद इलियास, विनोद भ्याणा, लीला राम, धर्म सिंह छोक्कर, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, प्रवीण डागर, मामन खान, शमशेर सिंह गोगी को सदस्य बनाया गया है।

शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवायें सम्बन्धी विषय समिति में देवेन्द्र सिंह बबली को चेयरपर्सन नामित किया गया है। विधायक जगदीश नायर, नैना सिंह चौटाला, निर्मल रानी, लक्ष्मण नापा, रेनू बाला, शैली, शीशपाल सिंह, नयन पाल रावत को सदस्य बनाया गया है।

विशेषाधिकार समिति की अध्यक्षता विधायक संदीप सिंह करेंगे। विधायक बिशन लाल सैनी, हरविंद्र कल्याण, विनोद भ्याणा, दीपक मंगला, सत्य प्रकाश, वरुण चौधरी, अमरजीत ढांडा, कुलदीप वत्स, सोमबीर सांगवान को सदस्य नामित किया गया है।

शिष्टाचार मानदंडों के उल्लंघन और हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के साथ सरकारी अधिकारियों के अवमाननापूर्ण व्यवहार पर समिति में विधायक अनिल विज को चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। विधायक किरण चौधरी, कमलेश ढांडा, भारत भूषण बत्तरा, प्रमोद कुमार विज, प्रवीन डागर, जोगी राम सिहाग, शमशेर सिंह गोगी, सुभाष गंगोली, नयन पाल रावत को सदस्य बनाया गया है।

## अपना वोटर आईडी कार्ड बनवाएं युवा : डीसी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि जो युवक एवं युवती एक जनवरी, 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके हैं, उनको नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट बनवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में मतदान करना भी प्रत्येक मतदाता के लिए गौरव की बात है। डीसी निशांत कुमार यादव ने आज कहा कि लोकसभा-2024 के आम चुनाव को भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व नाम से स्लोगन दिया है, जो कि बिल्कुल सही है। चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागेदारी करनी चाहिए। इस चुनाव के लिए हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नया वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए इस तिथि से पहले युवाओं को आवेदन करना होगा। जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु के हो चुके हैं, वे अपने नजदीक के पोलिंग स्टेशन से संबधित बीएलओ से फार्म संख्या 6 लेकर ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीईओ.ईसीआईहरियाणा.जीओवी.इन वेबसाईट से आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक और हेल्पलाईन एनवीपीएस पोर्टल है। इसके बारे में वोटर हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 1950 से भी जानकारी ली जा सकती है।

# किसानों को एमएसपी देने के वादे की फिर खुली पोल, सरसों के किसान परेशान : दीपेंद्र हुड्डा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि किसानों को एमएसपी देने वाले बीजेपी के वादे की पोल एकबार फिर खुल गई है। क्योंकि प्रदेश की मंडियों में आज किसानों की सरसों एमएसपी से 900-1000 रुपये कम रेट पर बिक रही है। सरकारी खरीद नहीं होने के चलते किसान प्राइवेट एजेंसियों के हाथों लुट रहे हैं। कांग्रेस और किसानों द्वारा बार-बार मांग उठाए जाने बावजूद सरकार ने अबतक सरसों की खरीद शुरू नहीं की गई। इक्का-दुक्का जगह पर जहां सरकारी एजेंसी पहुंच रही हैं, वहां भी नमी का बहाना बनाकर खरीद नहीं की जा रही। मजबूरी में किसानों को प्राइवेट हाथों में अपनी फसल बेचनी पड़ती है।

दीपेंद्र हुड्डा ने सरकार से जल्द सरसों की सुचारू खरीद शुरू करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने गेहूं की आवक के लिए भी पहले से तमाम तैयारियों को पूरा करने की मांग उठाई है। ताकि सरसों के किसानों की तरह गेहूं उत्पादकों को घाटा ना उठाना पड़े। उन्होंने व्यापारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि आढ़तियों को कांग्रेस कार्यकाल की तरह पूरी आढ़त व मजदूरों को पूरी मजदूरी मिलनी चाहिए। आढ़ती, मजदूरों और किसानों की पेमेंट में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। देरी होने पर उन्हें ब्याज समेत पूरा भुगतान करना चाहिए।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि 10-15 दिन से मंडियों में सरसों की आवक हो रही है। हर सीज़न में फसल की आवक का सही समय पता होते हुए भी सरकार ने देरी से खरीद शुरू करने का ऐलान किया। लेकिन किसानों के साथ सबसे बड़ा धोखा तब हुआ, जब अपने ऐलान के मुताबिक भी सरकार ने खरीद नहीं की। ऊपर से एक बार फिर किसानों को 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल के जंजाल में उलझाने का पूरा मकड़जाल फैला दिया गया है। फिर एकबार सरकार ने पोर्टल के हिसाब से खरीद शुरू करने का ऐलान किया।

जबकि पार्टल की गड़बड़ियां जगजाहिर हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश के 9.25 लाख किसानों ने 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण पोर्टल पर करवाया था। लेकिन इसमें से 10.40 लाख एकड़ भूमि का रिकॉर्ड मिसमैच पाया गया है। सरकार का कहना है कि जिसका रिकॉर्ड मैच नहीं होगा, उसकी



खरीद नहीं होगी। यानी सरकार के गड़बड़झाले का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा।

सांसद दीपेंद्र ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान किसानों को हमेशा एमएसपी या ऊंचे रेट मिलते थे। यह इसलिए संभव हो पाता था क्योंकि सरकार फसलों के मंडी में आते ही फौरन खरीद शुरू कर देती थी। इसके चलते मार्किट में फसलों के रेट ऊपर हो जाते थे। इसलिए प्राइवेट एजेंसियों को भी एमएसपी या उससे ज्यादा रेट पर फसल खरीदनी पड़ती थी। लेकिन मौजूदा सरकार जानबूझकर शुरूआत में सरकारी खरीद नहीं करवाती ताकि मार्किट में फसल के रेट गिर जाएं और प्राइवेट एजेंसियां इसका लाभ उठाकर किसानों को लूट सकें।

# पाकिस्तान के मोबाइल नंबर से जिला बार के पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण भारद्वाज को जान से मारने की मिली धमकी

**अधिवक्ताओं व समाजसेवियों में रोष, पुलिस आयुक्त से सुरक्षा की लगाई गुहार**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिला बार के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी कुलभूषण भारद्वाज व उनके परिवार को उनके मोबाइल नंबर पर किसी असामाजिक तत्व ने जान से मारने की धमकी दी है। कुलभूषण भारद्वाज ने इसकी सूचना सैक्टर 14 पुलिस थाना में लिखित रुप से देते हुए सरकार व जिला तथा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि उन्हें सरकारी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके।

उनका कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन ने उनकी इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया और उनके व उनके परिवार के साथ किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है तो उसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन ही होगा। कुलभूषण भारद्वाज ने पुलिस थाना में दी गई शिकायत में कहा है कि शुक्रवार की प्रात: 10 बजकर 10 मिनट पर मोबाइल नंबर 923280034059 जोकि पाकिस्तान का नंबर है से उनके मोबाइल पर कॉल आई और कॉल करने वाले ने उन्हें व उनके परिवार को जान से खत्म करने की धमकी भी दी। उनका कहना है कि वह अधिवक्ता होने के नाते देश की विभिन्न अदालतों में भी



केसों की पैरवी के लिए उनका आना-जाना रहता है। उन्हें डर है कि कट्टरपंथी गौतस्कर कभी भी कहीं भी उन पर जानलेवा हमला कर सकते हैं। उनका यह भी कहना है कि सामाजिक मुद्दों व गौतस्करी के मुद्दों पर आवाज उठाते रहे हैं। इससे पूर्व भी उन्हें समय-समय पर कई बार धमकियां भी मिल चुकी हैं। वह खुले में नमाज अता करने को लेकर हुए आंदोलनों तथा समाज से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर हुई महापंचायतों में भी कट्टरपंथियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनका कहना है कि इस शिकायत के बारे में उन्होंने पुलिस आयुक्त को भी व्यक्तिगत रुप से पेश होकर अवगत करा दिया है और उन्होंने शिकायत की जांच कराने व उनकी तथा उनके परिवार की सुरक्षा का आश्वासन भी दिया है। उधर जिला बार के सदस्यों में इस धमकी को लेकर काफी रोष देखने को मिल रहा है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यदि साथी अधिवक्ता को इस तरह की धमकियां मिलती रही तो वे आमजन को न्याय दिलाने का कार्य कैसे कर सकेंगे। इसलिए जिला प्रशासन को इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही करनी चाहिए।



# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने बांटी 5 लाख की स्कॉलरशिप

## घरौडा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित स्कूल में परीक्षा परिणाम देख छात्रों के चेहरे खिले




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** घरौडा ग्रेटर फरीदाबाद स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने आज अपना परीक्षा परिणाम घोषित किया। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को अगली क्लास की पढ़ाई के लिए करीब पांच लाख रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की। स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले बच्चों में करीब 70 प्रतिशत लड़कियां शामिल रहीं। यहां पिछले अनेक वर्षों से स्कॉलरशिप प्राप्त करने में लड़कियां ही बाजी मार रही हैं। बताया गया है कि वर्ष 2011 में स्कूल की स्थापना के समय से ही बच्चियों के लिए प्रवेश को निशुल्क रखा गया है जिससे मेधावी बच्चियों और उनके माता पिता का रुख विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की ओर बढ़ा है। दीप प्रज्जवन कर कार्यक्रम प्रारम्भ करने के बाद स्कूल चेयरमैन धर्मपाल यादव ने बताया कि परमात्मा ने समाज के जरिए हमें बहुत कुछ दिया है। ऐसे में समाज का सहयोग कर हम अपना फर्ज पूरा कर रहे हैं। यादव ने बताया कि स्कॉलरशिप देना, बेटियों को निशुल्क प्रवेश देना आदि सभी इसी फर्ज का हिस्सा हैं। निदेशक दीपक यादव ने बताया कि अपने स्कूल में सभी प्रकार की सुविधाएं देकर बच्चों को बेहतरीन माहौल देना हमारा मुख्य मकसद है। इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आज स्कूल में स्टेट ऑफ द आर्ट सुविधाएं मौजूद हैं। हम स्कूल में कई खेल अकादमी चला रहे हैं, जिनमें से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी निकल रहे हैं। हमारे बच्चे 100 परसेंट रिजल्ट दे रहे हैं जिससे अभिभावक भी काफी प्रसन्न हैं। दीपक यादव ने बताया कि स्कूल ने संस्कार ही शिक्षा है तो अपना आदर्श वाक्य बनाया है। शिक्षा कहीं से भी मिल सकती है लेकिन संस्कारों के लिए विशेष प्रयास करने पड़ते हैं जो हम अपनी टीम के साथ मिलकर कर रहे हैं। प्रसन्नता की बात है कि इसमें अभिभावक भी हमारा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम और स्कॉलरशिप वितरण का समारोह कर हमने अन्य बच्चों को भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। अनेक बच्चों ने हमसे प्रॉमिस किया है कि वह अगली बार क्लास में टॉप करेंगे, जिससे हमें संतुष्टि मिलती है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल रेखा मलिक, सेक्टर दो ब्रांच की प्रिंसिपल ज्योति चौधरी, सीनियर कोर्डिनेटर पूजा शर्मा, जूनियर कोर्डिनेटर भावना चौहान, प्री प्राइमरी कोर्डिनेटर मोनिका सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# लोकसभा आम चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान का संकल्प लें मतदाता : उपायुक्त विक्रम सिंह

**जिला में 18-19 वर्ष के युवाओं को वोट बनवाने और लोकतंत्र के महापर्व में आहुति डालने के लिए करें प्रेरित व जागरूक**

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं का स्वीप गतिविधियों के माध्यम से करें जागरूक**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 18वी लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां चलाकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक करते हुए उन्हें मतदान केंद्र तक चलकर आने के लिए प्रेरित करें ताकि वे स्वयं अपना वोट डालने के लिए आगे आएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा, युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही मतदान करने के बाद क्यूआर कोड को स्कैन करके फोटो अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि मतदाता ऑनलाइन संकल्प लेकर सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए ईसीआई और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई वीडियो को स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से दिखाया जाए और ऑडियो को एफएम (स्नरू) के माध्यम से प्रसारित किया जाए। हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदान जागरूकता व स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्री चस्पा की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला सचिवालय, सरकारी भवनों आदि के पास मतदाता जागरूकता संबंधित बैनर, पोस्टर व स्टीकर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला में 18-19 वर्ष के युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और लोकतंत्र के महापर्व में आहुति डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय में ऐसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है और उनकी वोट अभी तक भी नहीं बनी है ऐसे युवाओं को वोट बनवाने व वोट डालने बारे प्रेरित व जागरूक किया जाए। युवाओं को वोट डालने के लिए शपथ दिलाई जाए। इसके अलावा ट्रांसजेंडर को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत हर पोलिंग स्टेशन के बाहर कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए ताकि पोलिंग स्टेशनों की निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके। उन्होंने कहा कि हर पोलिंग स्टेशन के बाहर टोल फी नम्बर 1950, सीईओ और डीईओ कार्यालयों के टेलीफोन नम्बर लगाएं जाएं ताकि यदि मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह तुरंत उसकी सूचना जिला प्रशासन को दे सकें।

# हरियाणा की इंडस्ट्री के लिए बड़ी खबर, आखिर फिमटिया की मेहनत रंग लाई

**फरीदाबाद आई एम टी इंडस्ट्रीज एसोसियेशन के प्रधान वीरभान शर्मा ने किया इंडस्ट्रीज मिनिस्टर श्री मूल चंद शर्मा तथा स्पेशल होम सेक्रेटरी एवम् चीफ इंस्पैक्टर आफ़ फैक्ट्रीज डा मनीराम शर्मा (आईएएस) का धन्यवाद**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में फैक्ट्री लाइसेंस तथा फैक्ट्री एक्ट के सभी कामों के लिए इंडस्ट्रीज को चण्डीगढ़ के चक्कर काटने पड़ते थे। जिसके लिए फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे की फैक्ट्री लाइसेंस की परक्रिया को सरल किया जाए तथा इन सभी कामों को संबंधित जिलों में साथानांत्रित किया जाय। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान श्री वीरभान शर्मा ने बताया की उनके सुझावों को सरकार ने गंभीरता से लेते हुए फरीदाबाद ही नहीं बल्कि पर राज्य में कार्यरत औद्योगिक इकाइयों को राहत प्रदान की है। आपने कहा की एसोसिएशन द्वारा राज्य के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा तथा स्पेशल होम सेक्रेटरी एवम् चीफ इंस्पैक्टर आफ़ फैक्ट्रीज डा मनीराम शर्मा (आई ए एस) के सहयोग से एसोसिएशन की मांग को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के संज्ञान में लाया गया और सरकार द्वारा इस मुद्दे की गंभीरता एवम् आवश्यकता को देखते हुए मंजूरी प्रदान की गई। श्री शर्मा ने बताया की अब जिले में कार्यरत उद्योगों को फैक्ट्री लाइसेंस तथा फैक्टरी चालानों के लिए चंडीगढ़ जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इस का प्राथमिक निपटारा अब फरीदाबाद में ज्वाइंट डायरेक्टर के स्तर पर हो जाएगा। आपने कहा की इससे पूर्व औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को चंडीगढ़ जाना पड़ता था जो आर्थिक और मानसिक रूप से कष्टदाई सिद्ध होता था। श्री शर्मा ने बताया कि सरकार का यह पग उद्योग हित में निश्चित रूप से सकारात्मक सोच एवम् ऊर्जा प्रदान करना में सहायक सिद्ध होगा। एसोसिएशन के महासचिव श्री दीपक प्रसाद ने सरकार और विभाग के अधिकारियों का धन्यवाद प्रकट करते कहा की यह निर्णय राज्य के उद्योगों हेतु लाभदायक सिद्ध होगा क्योंकि उद्योगों की समस्याओं को जिले स्तर पर निपटाया जाएगा जो विभाग और इकाइयों हेतु कारगर साबित होंगे।

# श्याम संकीर्तन में 141 रक्तमित्रों ने रक्तदान कर अमर शहिदों को दी श्रद्धांजंलि

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** हर घर रक्तदाता अभियान के अन्तर्गत अमर शहिदों की याद में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, श्री श्याम मित्र मण्डल तिगाँव, श्री श्याम चाकर फरीदाबाद, श्री श्याम सेवा परिवार चांदपुर और श्री श्याम सेवा मण्डल पलवल के सयुंक्त तत्वावधान में तिगाँव, पल्ला, चांदपुर और पलवल में खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजित किये गये। शिविर का संयोजन क्लब के मुख्य संयोजक आर्यवीर लॉयन विकास मित्तल सह संयोजक अल्पना मित्तल, दीपक वर्मा, अनुज गर्ग, दिगम्बर, प्रदीप, गौसेवक प्रवीण गुरु ने किया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य मंत्री के पूर्व राजनितिक सचिव अजय गौड़, भाजपा नेता पवन अग्रवाल के अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने सभी रक्तमित्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान जनहित व राष्ट्रहित में है। आपातकाल में रक्तदान के साथ प्लेटलेटस दान करने के लिए भी सभी स्वस्थ्य युवकों को आगे आना चाहिए। शिविर संयोजक



विकास मित्तल एवं अल्पना मित्तल ने सभी रक्तमित्रों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमाए हुए धन को दान करने में तो एक बार इंसान संकोच कर सकता है, लेकिन रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान करने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए।रक्तदान वक्त की जरूरत है, हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है, जो कई जिंदगियों को बचाता है। मानवता की सेवा हम सबको किसी न किसी माध्यम से करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी शिविरों में 141 रक्तमित्रों ने रक्तदान किया जिसमें लगभग 30 रक्तमित्रों ने पहली बार रक्तदान किया। इस अवसर पर डा. नरेश डागर, प्रवीण वर्मा,सौरव बंसल, विकास चौधरी, दीपक अग्रवाल सचिन वर्मा, मोहित वर्मा, तुषार मित्तल, अंकित मित्तल , विशाल मित्तल, पुनीत गर्ग,बदन सिंह, नेपाल सिंह, संजीव, भुषण, दीपक आदि ने विशेष सहयोग दिया।

# नगर निगम द्वारा संपत्ति कर भुगतान करने पर दी जा रही पंद्रह प्रतिशत की एकमुश्त छूट : निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम आयुक्त श्रीमती ए. मोना श्रीनिवास ने बताया कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत फरीदाबाद नगर निगम द्वारा उन संपतति मालिकों को वर्ष 2010-11 से 2022-23 के लिए बकाया संपतति कर की मूल राशि पर पंद्रह प्रतिशत की एकमुश्त छूट दी जाएगी जो वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के सभी संपतति कर बकाया भुगतान करेंगे और नो ड्यूज प्रमाण पत्र प्रबंधन प्रणाली पर 31.03.2024 तक अपनी संपतति की जानकारी स्वयं प्रमाणित करेंगे। उन्होंने बताया कि देर से भुगतान के मामले में, 1.5% प्रति माह या उसके हिस्से पर ब्याज लगेगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, सभी क्षेत्रीय कार्यालय जनता/ करदाताओं को संपतति कर/अन्य बकाया का भुगतान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए नगर निगम, फ़रीदाबाद छुट्टियों के दिन यानी 30.03.2024 (शनिवार) और 31.03.2024 (रविवार) को खुला रहेगा।

# प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह

## किसी भी कर्मचारी का मतदान के दिन का नहीं काटा जा सकता है वेतन

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव सात चरणों में करवाने की घोषणा के साथ ही आचार सहिंता भी लागू हो चुकी है।

हरियाणा प्रदेश में सभी लोकसभा सीटों के लिए मतदान आगामी 25 मई 2024 (शनिवार) को करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत और लोक सभा के चुनाव में मतदान करने के हकदार प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार किसी नागरिक को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने से वंचित नहीं किया जा सकता है, जो देश के चुनावी लोकतंत्र के लिए अभिन्न अंग है।

इस प्रकार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951, (आरपी अधिनियम) के अनुसार प्रत्येक उद्यमी को उस संबंधित क्षेत्र में मतदान के दिन छुट्टी घोषित करनी होगी, जहां मतदान हो रहा है। अधिनियम के अनुसार मतदान के दिन किसी कर्मचारी को सवैतनिक अवकाश दिया जाना चाहिए और उस दिन का उस संबंधित कर्मी का वेतन नहीं काटा जा सकता है।

# सभी उद्योग श्रमिकों को मतदान के लिए वेतन सहित अवकाश दें : जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह

## कहा, आकस्मिक श्रमिक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 बी( 1 ) के तहत विस्तारित सवैतनिक अवकाश लाभ के हैं हकदार हैं श्रमिक

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि श्रमिकों को वेतन के साथ उद्योग मतदान के लिए अवकाश देना सुनिश्चित करें। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि आकस्मिक श्रमिक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 बी(1) के तहत विस्तारित सवैतनिक अवकाश लाभ के हकदार हैं। श्रमिकों को मतदान के लिए वेतन के साथ अवकाश न देने वाले उद्योगों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने लोकसभा के आम चुनाव, 2024 और विभिन्न राज्यों की विधानसभा सीटों के लिए उप-चुनाव, चरण-वार वैतनिक अवकाश के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा, 2024 के आम चुनाव और विभिन्न राज्यों के विधानसभा के लिए उप-चुनाव की घोषणा की है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। यह दिशा-निर्देश भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर https://election-swy.eci.gov.in/docs/press-note-no-wx.pdf उपलब्ध है।

**ये हैं भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतें:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा ऐसे किसी भी व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती या कटौती उप-धारा (1) के अनुसार दी गई छुट्टी के कारण नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित है कि उसे आमतौर पर छुट्टी नहीं मिलती है। ऐसे दिन के लिए मजदूरी, फिर भी उसे उस दिन के लिए उतनी ही मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। जितना उसने प्राप्त किया होता यदि उस दिन उसे छुट्टी नहीं दी गई थी। यदि कोई नियोक्ता उप-धारा (1) या उप-धारा (2) के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो ऐसे नियोक्ता को जुर्माने से दंडित किया जाएगा, जो पांच सौ रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। यह धारा किसी भी निर्वाचक पर लागू नहीं होगी। जिसकी अनुपस्थिति से उस रोजगार के संबंध में खतरा या पर्याप्त नुकसान हो सकता है। जिसमें वह लगा हुआ है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा इन प्रावधानों के अनुसार सभी



निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा। जहां लोकसभा के आम चुनाव और उप-चुनाव आयोजित होने वाले हैं।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि इसके अलावा, ऐसे मामले भी हो सकते हैं। जहां कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। यह स्पष्ट किया गया है कि ऐसी स्थिति में, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर काम करने वाले आकस्मिक श्रमिकों सहित वे मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी (1) के तहत विस्तारित सवैतनिक अवकाश के लाभ के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/ अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन छुट्टी और वेतन के हकदार हैं, जैसा कि आर.पी. अधिनियम, 1951 की धारा 135 बी में प्रावधान है।

विक्रम सिंह ने कहा भारत निर्वाचन आयोग चाहता है कि संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के लिए आयोग की अधिसूचना (अधिसूचना) में उल्लिखित सभी चरणबद्ध चुनाव कार्यक्रमों के लिए सभी संबंधितों को उपयुक्त निर्देश जारी किए जाएं और उसकी एक प्रति आयोग को भेजी जाए। वहीं जानकारी और रिकार्ड पत्र की प्राप्ति की सूचना दी जाए। इस संबंध में आपका ध्यान धारा 135बी की ओर आकर्षित किया जाता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 जो अनुदान का प्रावधान करता है। मतदान के दिन कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाना सुनिश्चित करें। वहीं अधिनियम की धारा 135बी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 को पुन: प्रस्तुत किया गया है।

**क्या है धारा 135बी:**

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि धारा 135बी के तहत कर्मचारियों को उस दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान करना जरूरी है। सर्वेक्षण के अनुसार किसी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य प्रतिष्ठान में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति और लोक सभा या किसी राज्य की विधानसभा के चुनाव में मतदान करने का हकदार, मतदान के दिन छुट्टी दी जाएगी।

# फरीदाबाद पुलिस के 11 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने दी शुभकामनाएं

**सेवानिवृति इंस्पेक्टर सुरेंद्र को अच्छे कार्य के लिए डीजीपी हिमाचल संजय कुंडू द्वारा किया जा चुका है सम्मानित**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज फरीदाबाद पुलिस परिवार के 11 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 21ष्ट में किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, हेड क्लर्क चंद्रभान वेलफेयर इंस्पेक्टर रामनिवास सब इंस्पेक्टर महेश, आरटीआई सब इंस्पेक्टर रामकुमार, सहित पुलिस आयुक्त कार्यालय के अन्य ब्रांच के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आज पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में फरीदाबाद पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, ऑनरेरी इंस्पेक्टर रमेश कुमार, सतबीर सिंह व भगवान सिंह, सब-इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, रोहताश, भारत सिंह, रमेश कुमार व जगराम, हवलदार पूरनलाल तथा सिपाही रघुबीर सिंह की सेवानिवृतित पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त कार्यालय में बतौर आईटी सेल इंचार्ज थे जिन्होंने अपने कार्यालय में काफी सकारात्मक बदलाव किए। पुलिस चौकी सेक्टर 14 में इंचार्ज रहते हुए उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की बहुत सहायता की और उनकी देखभाल और स्वास्थ्य के लिए सराहनीय कार्य किया जिसे देखते हुए हिमाचल के पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुंडू ने चौकी में आकर उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने पशु पक्षियों की देखभाल के लिए भी बहुत अच्छे कार्य किए हैं। इसके अलावा उनके अच्छे कार्यों के लिए उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा 205 बार प्रशंसा पत्र प्राप्त किया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों ने सारी उम्र अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में लगा दी और अपने आप को देश सेवा में समर्पित कर दिया। अब रिटायर होकर आप अपने परिवार के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से अपना जीवन व्यतीत करें। पुलिस विभाग में कार्यरत रहकर पुलिस कार्यों में अपना योगदान दिया और समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इनकी कड़ी मेहनत और तपस्या के लिए वह इनका इनका धन्यवाद करते हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सेवानिवृतति के बाद भी रिटायर्ड पुलिसकर्मी पुलिस परिवार का हिस्सा रहेंगे और उन्हें यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो वह बेझिझक अपने पुलिस परिवार से संपर्क कर सकते हैं। पुलिस परिवारों की सहायता करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा और हमे अपने पुलिस परिवार की मदद करने में बहुत खुशी होगी।। सीपी ने सभी सदस्यों को भेंट स्वरूप उपहार देकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

# रणनीति 2024 लोकसभा चुनाव



हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडडा के साथ चुनावी रणनीति तैयार करते कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल से लुकमान रमीज और साथ मैं बैठे हैं चौधरी इसराइल खान। चित्र : समाचार गेट

# कार्यालय उद्घाटन में पहुंचेंगे हजारों लोग: बिजेंद्र नेहरा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ।** भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता बिजेंदर नेहरा ने आज पृथला विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव का दौरा कर 31 मार्च को सुबह 10:00 बजे आयोजित होने वाले पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव शाहपुर जाट चौक कार्यालय के उद्घाटन के लिए सरपंच भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गांव वासियों से सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का न्यौता दिया।

इसी क्रम में बिजेंद्र नेहरा जब सुनपेड़, डीग, शाहपुर कलां, सोतई, चंदावली, बुखारपुर, मछगर, प्रहलादपुर, अलावलपुर में बैठकें की तो सभी पंचायत एंव गांव वासियों ने उन्हें उद्घाटन समारोह में पहुंचने का आश्वासन दिया। इस बारे में सोतई सरपंच लोकेश तेवतिया का कहना है कि वह तन-मन-धन से आपके साथ हैं। इस अवसर पर डीग सरपंच ने कहा कि वह अपने गांव समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ कार्यालय उद्घाटन पर अवश्य पहुंचेगे, और पूरा गांव नेहरा के साथ है।

# राष्ट्र के विकास में शिक्षा का योगदान अहम : भाई भारत भूषण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** एक शिक्षित समाज विकसित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को भाजपा नेता भाई भारत भूषण जी द्वारा बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों को 5000 किताबें वितरित की गईं। शिक्षा के महत्व को लेकर भाई भारत भूषण ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए देश के युवाओं की शिक्षा हमेशा से प्राथमिकता रही है। शिक्षा हर एक बच्चे का अधिकार है और यदि कोई इससे वंचित रह जाता है तो एक समाज के रूप में यह हम सबकी असफलता है। साथ ही उन्होंने बताया कि आज भी वे एक नेता होने से पूर्व एक शिक्षक हैं और शिक्षा से इस जुड़ाव के नाते शिक्षा के महत्व को भलीभांति समझते हैं। राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा के योगदान के बारे में उन्होंने कहा कि देश के विकास में यदि हमें योगदान देना है तो बहुत ज़रूरी है कि हमारे यहां के युवा शिक्षित हों। बल्लभगढ़ के बच्चे शिक्षित होंगे तो वे देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देकर हम भी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साथ ही बल्लभगढ़ के विद्यार्थियों के लिए उन्होंने कहा कि वे उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सदैव उपसथित हैं। इस अवसर पर गढ़वाली समाज के अध्यक्ष सुशील डोबरियाल, बालम सिंह रावत, जगदीश प्रसाद खंडूरी, देवसिंह नेगी, दर्शन सिंह बिष्ट, रमेश भारद्वाज, अजय यादव, निशांत ठाकुर व समस्त टीम मौजूद रही।






## संपादकीय

# 47 वर्षो बाद गांधी परिवार को वनवास!



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है। कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा-बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबरेली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था,लेकिन 47 वर्षो के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है।

**साभार:- प्रभासाक्षी**

# जागरूकता सेमिनार दौरान दुर्गाशक्ति ऐप इंस्टॉल करवाई गई वा ट्रैफिक नियमों, नशा ना करने तथा साइबर अपराध के बारे भी किया गया जागरूक

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पलवल पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में जाकर छात्राओं, महिलाओं व बच्चों को जागरूक करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में महिला थाना पलवल पुलिस ने बायोमेड कंपनी बघोला, पलवल में कंपनी प्रबंधन एवं महिला कर्मचारीयों की मीटिंग ले कर उनको उनके अधिकारों व महिला विरुद्ध अपराध के बारे सजग किया गया। दुर्गा शक्ति ऐप इंस्टॉल करवाई गई और इसे ऑपरेट करने बारे बताया गया। साइबर क्राइम और बचाव बारे बताया गया। महिलाओ को जागरूक कर उन्हें दुर्गा शक्ति एप और हेल्पलाइन नंबर-1091 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुशीला देवी ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत व्यवहार करता है तो बेझिझक पुलिस को शिकायत दें। इसके लिए उन्हें कहीं भी जाने की आवश्यकता नहीं है। युवतियों को बस अपने मोबाइल से दुर्गा शक्ति एप का प्रयोग करना है। इसके चंद मिनट बाद पुलिस की टीम उनके पास होगी। महिलाओं, छात्राओं व लड़कियों की सुरक्षा के लिए दुर्गाशक्ति एप माईल स्टोन साबित हो रही है। जिसके चलते छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों में दहशत बनी हुई है।



थाना प्रभारी ने बताया कि महिलाओं और लड़कियों की मदद के लिए दुर्गा शक्ति नाम से एक एप्लीकेशन लांच की गई है जो सभी एनड्रॉयड मोबाइल प्ले स्टोर से डाउनलोड की जा सकती है। सुरक्षा के लिए पुलिस ने 112 व 1091 नंबर भी जारी किया हुआ है, परंतु दुर्गा एप से शिकायत करने वाली लड़की की लोकेशन भी पुलिस को मिल जाएगी। यदि मुसीबत के समय में महिला जगह नहीं बता पा रही है तो भी उसकी जगह का पता चल जाएगा। इस एप की विशेष बात यह है कि आप इस पर रजिस्ट्रेशन के बाद पूरे प्रदेश में कहीं भी यदि अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है तो इसमें दिए गए लाल बटन को प्रयोग कीजिए, जल्द से जल्द डीएसआरएएफ के सबसे नजदीकी प्वाइंट से आपको सहायता पहुंचाई जाएगी। इसके अतिरिक्त महिला हेल्पलाइन नंबर 8818000108 पर भी कॉल कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अगर किसी प्रकार का भी शोषण या शिकायत हो तो तुरंत 8818000108 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि अपनी निजी जानकारी किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर ना करें, मोबाइल पर आए अनजान लोगो के मैसेज या लिंक्स का रिप्लाई ना दें। उन्होंने कहा कि अगर आप किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम फ्राड का शिकार होते हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें या अपने नजदीकी थाना चौकी में इसकी सूचना दें।

थाना प्रबंधक ने ट्रैफिक के बारें जानकारी देते हुए बताया कि लाखो लोग अपनी जिन्दगी को हर वर्ष सडक दुर्घटना में गवा देते हैं, जिसका एक ही कारण, ट्रैफिक नियमों की पालना ठीक से नही करना या ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही, जिस लापरवाही के कारण सडक दुर्घटना में लाखो लोग मारे जाते है। हमें ट्रैफिक नियमों के प्रति सक्रीय होकर नियमों की पालना करना चाहिए। इसके अलावा जिला पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करनें पर कडी सख्ती बरतते हुए चालान किये जा रहे है और चालान करनें मुख्य उदेश्य यही है कि लोग ट्रैफिक नियमों बारें खुद को जागरुक करे और ट्रैफिक नियमों की पालना करें। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चलाई गई यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में चलाई गई विशेष *मुहिम मैं भी पलवल पुलिस के साथ* जुड़ने की अपील करते हुए कॉलेज एवं स्कूल के बच्चों को ट्रैफिक नियमों की पालना व नशा ना करने के बारे में शपथ भी दिलाई।इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें कंपनी स्टाफ के द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

# डीएसपी हथीन एवं प्रबंधक थाना हथीन तथा बहीन ने लोकसभा चुनाव मध्यनजर संयुक्त रूप से सरपंचों साथ की बैठक, कहा- सभी अमन-चैन बनाए रखें तथा लाइसेंसी हथियार जल्द जमा करायें

**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर *डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के दिशा निर्देश अनुसार जिला पुलिस लगातार मौजीज व्यक्तियों तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर रही है ताकि चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जा सके। इसी कड़ी में आज डीएसपी हथीन श्री सुरेश भड़ाना एवं प्रबंधक थाना हथीन निरीक्षक छत्रपाल तथा प्रबंधक थाना बहीन निरीक्षक रेनू शेखावत ने लोकसभा चुनाव मध्यनजर संयुक्त रूप से सरपंचों साथ बैठक की। बैठक के दौरान थाना हथीन व बहीन क्षेत्र के गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

बैठक के दौरान डीएसपी हथीन श्री सुरेश भड़ाना ने सरपंचों को गांव में आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों से उन्हें चुनाव परिणाम आने तक थाने में जमा कराने, गांव में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठीकरी पहरा आदि की मुनादी कराने को भी कहा। उन्होंने बताया कि संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी, ताकि माहौल खराब ना हो। उन्होंने लोगों से अपील की, कि इस दौरान अगर गांव या कस्बे में कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। गांव के सरपंचों, वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्र में पुरानी रंजिश के संबंध में भी जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदया डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। पलवल पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। आप निर्भीक होकर मतदान करें।



बैठक में थाना हथीन व बहीन के दोनों थाना प्रभारीयों ने सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों के सहयोग के साथ ही समाज विरोधी तत्वों पर नकेल डाली जा सकती है। उन्होंने कहा कि नौजवानों में बढ़ रहा नशे का रुझान चिंता का विषय है, इसकी रोकथाम के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

इसके तहत जिले के विभिन्न गांवों में एसपीओ नियुक्त कर खेल प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव में नशीले पदार्थों बेचने वालों, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को प्रदान करें ताकि समाज से नशा के अभिशाप को खत्म किया जा सके। शरारती असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश करने अथवा किसी तरह की अफवाह फैलाने की सूचना तुरंत पुलिस को दे, इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध देसी पिस्टल सहित आरोपी धरा



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत गत दिनांक 28 मार्च 2024 को डिटेक्टिव स्टॉफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक तेजपाल सिंह की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल इरफ़ान ने थाना शहर पलवल क्षेत्र अंतर्गत नजदीक सन्नी ढाबा आल्हापुर से एक आरोपी को एक देशी पिस्टल अवैध हथियार सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्जा में लेकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित थाना शहर पलवल में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# पुलिस टीम ने छापेमारी कर मालडा बास से 20 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** पुलिस ने मालडा बास गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति से 20 बोतल अवैध देशी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि ईआरवी वाहन डायल 112 के इंचार्ज की सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। जिसमें उन्हें एक व्यक्ति शराब का सेवन कर अवैध रूप से शराब बेच रहा था। पुलिस ने उसके पास मौजूद प्लास्टिक कट्टे की जांच की तो उसमें 20 बोतल देशी शराब, मार्का रसीला संतरा बरामद हुई। अवैध रूप से शराब बेचने वाले व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र उर्फ लंगडा वासी मालडा बास के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी।

# सुरक्षा बलों ने कनीना में किया फ्लैग मार्च

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने तथा आमजन को बिना किसी भय के मतदान करने के लिए पुलिस फोर्स ने शुक्रवार को कनीना सहित विभिन्न गावों में फ्लैगमार्च किया। फ्लैग मार्च में कनीना के डीएसपी महेंद्र सिंह,सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ,सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार सहित पुलिस कर्मचारी शामिल थे। सुरक्षा बलों ने अटेली हलके के बड़ें एवं संवेदनशील मतदान केंद्र वाले गावों सहित विभिन्न गावों का दौरा कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।

# बारिश से सरसों तथा गेहूं की फसल मं बनी नुकसान की संभावना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में शुक्रवार सांय करीब 4 बजे शुरू हुई बारिश के बाद खेतों में चल रहा सरसों कटाई तथा कढाई कार्य ब्रेक हो गया वहीं एकत्रित की जा चुकी सरसों तथा पके खडे गेहूं की फसल में नुकसान की संभावना बन गई है। दोपहर बाद उमड़-घुमड़ कर आए बादलों के बीच हुई बारिश से मंडी में खरीद कार्य की व्यवस्था तथा किसानों द्वारा खेतों में किया जा रहा कार्य बंद हो गया। बारिश को लेकर किसानों की चिंता बढ गई है।

# प्रोपर्टी के लालच में आये पुत्र ने कल्हाडी से वारकर पिता को उतारा मौत के घाट

**दोंगडा अहीर में घटित रिश्तो के कत्ल की घटना की चंहुओर ओर हो रही चर्चा**

**हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीमें दे रही दबिश**

**डीएसपी ने संभाली व्यवस्था की कमान**

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-नारनौल मार्ग स्थित गांव दोंगडा अहीर में प्रोपर्टी के लालच में आकर कलियुगी पुत्र ने बीती देर सांय कुल्हाडी से वार कर अपने वृध पिता की निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पुत्र फरार हो गया। जिसे कनीना सदर थाना तथा सीआईए की संयुक्त पुलिस टीम ने काबू कर लिया। रिश्तों के कत्ल की इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई जिसकी चर्चा चंहुओर चली हुई है। अटेली रोड पर खून से लथपथ पडे शव की सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना तथा दोंगडा पुलिस चौकी के पुलिस कर्मचारी मौके पर पंहुचे ओर शव को कब्जे में लेकर मृतक भोजाराम के बेटे रामपाल की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी।




पुलिस को दी शिकायत में रामपाल ने कहा कि वे 3 भाई हैं जो अलग-अलग रहते हैं। उनकी जमींन पिछले समय क्षेत्र से गुजरे नैशनल हाईवे 152डी के लिए अधिग्रहीत की गई थी। जिसकी मुआवजा राशि उनके पिता भोजाराम ने तीनों भाईयों में बराबर-बराबर 4-4 लाख रूपये दे दी थी। इस बात को लेकर उसका भाई धर्मपाल नाराज था। जिसने अधिक राशि की मांग को लेकर इससे पूर्व भी कई बार उनके पिता से मारपीट की थी। बृहस्पतिवार रात्री के समय उन्हें जानकारी मिली कि उसके पिता भोजाराम की उसके भाई धर्मपाल ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी, मौके पर पंहुचर देखा तो लहुलुहान अवस्था में शव पडा हुआ था। सिर में लगी कुल्हाडी की चौटों एवं अत्यधिक रक्तस्नाव के कारण उनकी दर्दनाक मौत हो चुकी थी। डीएसपी ने मौके पर पंहुचकर व्यवस्था की कमान संभाली ओर शव को कब्जे में लेकर महेंद्रगढ अस्पताल में पंचाने के लिए भेज दिया गया। पुत्र द्वारा पिता के रिश्तों को खून से रक्तरंजित करने वाली इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। घटना को देखकर लगता है मानवीय संवेदनाओं की भी हत्या हो गई है। वारदात के समय किसी भी पडौसी व ग्रामीण ने उनके बीच-बचाव को कोई प्रयास नहीं किया। ईधर मर्डर की सूचना मिलने पर कनीना के डीएसपी महेंद्र सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हत्या के आरोपी पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। शव का पंचनामा कराया जा रहा है। हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद किया जाएगा।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।






# जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल नाबालिग सहित तीन आरोपी किए गिरफ्तार



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में शहर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जानलेवा वारदात में शामिल नाबालिक आरोपी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार के अनुसार मामले में गांव भवाना के रहने वाले जय सिंह ने बताया कि वह फिलहाल पलवल शहर की न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी में रहते हैं। बीती 22 मार्च को वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि उसके बेटे यशवीर पर गांव के ही रहने वाले नामजद व अन्य 10-15 अन्य लोगों ने उस पर हमला कर चोट पहुंचाई है उसने देखा कि उसके पुत्र तस्वीर के सिर पर गंभीर चोटें लगी हुई हैं और वह घायल अवस्था में है। उसके ही परिवार के अन्य सदस्यों नेतराम, प्रताप, सुभाष, पवन ,रविंद्र, राज को भी आरोपितों ने गंभीर चोट पहुंचाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार घायलों में सुभाष, पवन और रविंद्र जिला नागरिक अस्पताल में ही नौकरी करते हैं। आरोपित जाते-जाते उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद उसने आरोपितों की पहचान की है। सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों की चार-पांच गाड़ियां दिखाई दे रही हैं। शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की संबंधित धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया।

प्रभारी थाना ने आगे बतलाया की मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी महोदया के कुशल निर्देशन में थाना अंतर्गत चौकी हथीन गेट प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने दिनांक 24 मार्च 2024 को इस वारदात में शामिल नाबालिक आरोपी को गिरफ्तार कर बंद बाल सुधार गृह फरीदाबाद कराया। इसके उपरांत दिनांक 26 मार्च 2024 को वारदात में शामिल दो अन्य आरोपियों को जांच इकाई ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त दो गाड़ी एवं फरसा तथा डंडा बरामद किया गया। आरोपीयों को आज बाद पुलिस रिमांड पेश अदालत कर बंद कारागार कराया गया है। मामले में फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# राज्य स्तरीय इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन आयोजित

**श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पांच घंटे चली ऑटोनोमस मोबाइल रोबोटिक्स सकिल पर आधारित प्रतियोगिता**

**तीन राउंड में विद्यार्थियों ने रोबोट बनाने से लेकर उसके तकनीकी इस्तेमाल की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय इंडिया सकिल कॉमपिटिशन का आयोजन किया गया। ऑटोनोमस मोबाइल रोबोटिक्स सकिल पर आधारित यह प्रतियोगिता हरियाणा सकिल डेवलपमेंट मिशन, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री 4.0 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। मिथिला भवन में आयोजित इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित तीन राउंड में प्रतिभागियों ने रोबोट को बनाने, टेली ऑपरेशन और टेली ऑपरेशन नो डायरेक्ट लाइन ऑफ साइट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने रोबोट बनाने से लेकर उसके इस्तेमाल तक के अपने कौशल का प्रदर्शन किया। टीम एक में बलदेव और वासु शर्मा, टीम दो में जय और अजय तथा टीम तीन में रितिका गोयल और भूमिका शर्मा शामिल थी।

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्री 4.0 के चेयरमैन प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने बताया कि पांच घंटे चले इस राज्य स्तरीय सकिल कॉमपिटिशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है। इसमें वायरलैस टेक्नोलॉजी, कैमरा मॉड्यूल और मोबाइल एप्लीकेशन का इस्तेमाल किया गया। प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने इस राज स्तरीय सकिल कंपीटीशन की मेजबानी देने के लिए हरियाणा सकिल डेवलपमेंट मिशन के डिप्टी डायरेक्टर मनोज भारद्वाज का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि कुलपति डॉ. राज नेहरू की प्रेरणा से हम यह पहली इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने में सक्षम हो पाए हैं।

हीरो मोटर कॉर्प की ओर से रवि कुमार, विश्वविद्यालय की ओर से मास्टर सकिल इंस्ट्रक्टर जगबीर सिंह और सकिल असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नितिन मित्तल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। आयोजन समिति में शामिल सीनियर सकिल इंस्ट्रक्टर शंशबीर डागर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में उत्साह बढ़ा है। इसके लिए उन्होंने कुलपति डॉ. राज नेहरू का आभार ज्ञापित किया।

# वोटर हेल्पलाइन नंबर-1950 पर कॉल करके ले सकतें हैं वोट संबंधित जानकारी

**नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक बनवाया जा सकता है नया वोट**



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने नागरिकों की सुविधा के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची व चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया है। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी मतदाता को वोट, पहचान पत्र इत्यादि से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी लेनी है तो वह टोल फ्री नंबर-1950 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला के समस्त मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे लोकसभा चुनावी रूपी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपनी वोट डाल सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है। यदि मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट-11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने बताया कि वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://ceoharyana.gov.in/ पर मतदाता सूचियां अपलोड की हुई हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी संबंधित मतदाता सूची में अपनी वोट चैक कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संविधान में देश के सभी नागरिकों को समान रूप से अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 साल की उम्र पूरी कर चुके प्रत्येक युवक अपना वोट बनवाएं और लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व वोटर हेल्पलाइन मोबाइल एप के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अपने संबंधित बीएलओ या चुनाव कार्यालय में भी ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की अंतिम तिथि से दस दिन पहले तक नया वोट बनवाया जा सकता है।

# कौशल आधारित शिक्षा से विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं रोजगार : अजय प्रकाश




समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी तलवाना में शुक्रवार को समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रिसोर्स पर्सन अजयप्रकाश ने कक्षा नोंवी-दसवीं के विद्यार्थियों को सकिल डेवल्पमैंट के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के विषय में जानकारी दी।


उन्होंने कहा कि भविष्य में कौशल आधारित शिक्षा की आवश्यक्ता है। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार लाटा ने विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में रूचि बढाने के लिए प्रेरित किया। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों को दो हजार रूपये तक के नकद पुरस्कार प्रदान किए।


इस मौके पर शिक्षक जयपाल, खेतराम, विक्रम सिंह, मनीषा कुमारी, नीतू, ईश्वर सिंह, मनीषा, अरविंद, देवेंद्र सिंह उपसथित थे।










# एसडी विद्यालय में आज आयोजित होगी 14वीं नैशनल सैबों चैंपियनशिप प्रतियोगिता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शिक्षा की दृष्टि से ऐतिहासिक पायदान पर पंहुचे कनीना सब डिवीजन के गांव ककराला स्थित एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज 30 मार्च शनिवार को 14वीं नैशनल सैंबो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसका शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि जिला पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा द्वारा किया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि विद्यालय के इंडोर स्पोर्टस कॉंपलेक्स में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि भारत में सैबों स्पोर्टस की स्थापना 1994 में डिप्टीराम शर्मा द्वारा की गई थी। तब से सैबों फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से पिछले 30 वर्षों से राष्ट्रीय,प्रदेश एवं जिला स्तर पर लगातार चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मेगा इवेंट में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 300 एथीलट के हिस्सा लेने की संभावना है।

# सरसों खरीद के लिए कनीना मंडी में सभी तौरियां पूरी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में सरसों की खरीद के लिए खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाऊस को नियुक्त किया गया है। जो सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद करेगी। सरकारी आदेशों के मुताबिक 26 मार्च से सरसों की खरीद की जानी थी लेकिन मंडी में उपलब्ध नहीं होने के चलते खरीद शुरू नहीं की जा सकी है। मार्केट कमेटी कनीना की सचिव नकुल यादव ने बताया कि महेंद्रगढ जिले की छह मंडियों कनीना,महेंद्रगढ,अटेली, सतनाली,नारनौल व नांगल चौधरी में खरीद की जाएगी। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कनीना की नई आनाज मंडी चेलावास में खरीद एजेंसी तथा मार्केट कमेटी कर्मचारी सरसों आवक का इंतजार कर रहे हैं। मंडी में किसानों की सुविधा के लिए हैल्पडेस्क स्थापित किया गया है जहां किसान फसल बेचने सम्बंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू होगी। गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने फसल पोर्टल पर ऑनलाईन की हुई है ओर वेरिफिकेशन सही पाई गई है उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। विदित रहे कि कनीना क्षेत्र में करीब 70-80 फीसदी सरसों की कटाई हो चुकी है जबकि 20 फीसदी भंडारण किया जा चुका है। सर्दी की चपेट में आने से सरसों की पैदावार में करीब 30-40 फीसदी नुकसान का अनुमान है। अधिकांश किसान खेत से ही व्यापारियों को सरसों बेच रहे हैं।

# किराए के मकान में रहने वाली प्रवासी युवती हुई लापता, पुलिस ने किया केस दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सिटी थाना अंतर्गत किराये के मकान में रहने वाली एक प्रवासी युवति लापता हो गई। इस बारे में यूपी की महिला ने बताया कि वह पिछले समय से सपरिवार किराए के मकान में रह रही है। 28 मार्च को उसकी पुत्री अक्समात गायब हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने किसी अज्ञात युवक पर छुपाकर रखने का संदेह जताया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर युवति की गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# उपमंडल परिसर में वर्ष 2024-25 एक वर्ष के लिए पार्किंग व दुकानों की खुली निलामी 5 अप्रैल को

**समाचार गेट/सतीश खतरी**

**सिवानी।** आम जन की सुविधा के लिए उपमंडल परिसर में वर्ष 2024-25 एक वर्ष के लिए चाय कैंटीन, वाहन पार्किंग आदि की खुली निलामी की जाएगी। यह जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार साहिल दलाल ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल परिसर में वर्ष 2024-25 एक वर्ष के लिए चाय कैंटीन, वाहन पार्किंग फोटो स्टेट की दुकानों की खुली बोली आगामी 5 अप्रैल शुक्रवार सुबह 11 बजे उपमंडल परिसर में की जाएगी। नायब तहसीलदार ने बताया कि आमजन को सुचित किया जाता है कि वे निश्चित तिथि व समय पर पहुंच कर बोली लगाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा आम लोगों फायदा हो। नायब तहसीलदार ने बताया कि इस प्रकार की बोलियों से राजस्व में होने हानी को बचाया जा सकता है।

# एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों के एक ग्रुप ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

इंजीनियरों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि युवा इंजीनियरों के रूप में, वे जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से भली भांति अवगत हैं, इसलिए ऊर्जा-कुशल समाधानों को अपनाने की आवश्यकता है। उनके द्वारा बनाए जाने वाले भवन, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल होने चाहिए। उन्हें अपने दृष्टिकोण में नवाचारी होना चाहिए ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। उन्होंने कहा कि 3डी प्रिंटिंग के युग में भवन निर्माण प्रौद्योगिकी में व्यापक रूप से बदलाव आया है। अब बुनियादी ढांचे और निर्माण परियोजनाओं को जलवायु-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल बनाया जा सकता है। हरित निर्माण समय की जरूरत है। निर्माण की नवाचारी विधियों में इस क्षेत्र को बदलने की क्षमता है। वे सटीक डिज़ाइन के साथ पारंपरिक निर्माण की सीमाओं को तोड़ सकते हैं। उन्हें न केवल निर्माण प्रक्रिया में तेजी लानी है बल्कि अधिकतम संसाधन उपयोग के माध्यम से अपशिष्ट के कम से कम सृजन को भी सुनिश्चित करना है।



राष्ट्रपति ने युवा इंजीनियरों को सलाह दी कि वे सीमित दायरे में ही काम न करें बल्कि सहयोगात्मक, दूरदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण भी अपनाएं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, रोबोट और ड्रोन जैसी नई एवं उभरती हुई प्रौद्योगिकियां पारंपरिक सोच को बाधित कर रही हैं। हालांकि, इनका उपयोग दक्षता क्षमता को बढ़ाने और उसमें सुधार करने, प्रक्रियाओं के स्वचालन और अनुकूलन में, उत्पादकता बढ़ाने तथा संसाधन प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। उन्होंने इंजीनियरों से उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और एक बेहतर, हरित तथा अधिक टिकाऊ भविष्य का निर्माण करने में सार्थक योगदान देने का भी अनुरोध किया।

# सेहत ही नहीं, स्किन को भी बहुत फायदे देता है बादाम

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** महिलाओं को अक्सर स्किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, और उन्हें इससे निजात पाने के लिए विभिन्न केमिकल युक्त ब्यूटी प्रोडक्ट्स का उपयोग करना पड़ता है। हालांकि, आज हम आपको बादाम से बनाए गए कुछ फेस पैक की विधि बताने जा रहे हैं, जो ऑयली से लेकर मिक्स स्किन टाइप के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।



**बादाम से ऐसे बनाएं फेस पैक**

सर्दी हो या गर्मी, ऑयली स्किन वालों को त्वचा से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। धूल-मिट्टी हो या पसीना, बादाम से बना ये घरेलू फेस पैक आपकी स्किन को साफ करने और अतिरिक्त तेल को कम करने का काम करता है। कैसे बनाएं ये फेस पैक?

**आइए आपको बताते हैं-**

सबसे पहले रात भर भिगोए हुए बादाम को छील लें और फिर पीसकर इनका पेस्ट बना लें। इसके बाद एक बाउल लें और उसमें एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी और जरूरत अनुसार गुलाब जल को मिक्स कर दें। जब पेस्ट बनकर तैयार हो जाए तो इसे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से लगा लें। आप चाहें तो इसे गर्दन वाले एरिया पर भी लगा सकती हैं। कम से कम 10 मिनट तक इसे सूखने दें और फिर इसके बाद चेहरा धो लें।

**ऑल टाइप स्किन के लिए फेस पैक**

इस घरेलू उपाय को अपना सकती हैं। ये हर तरह की स्किन के लिए फायदेमंद हो सकता है। साथ ही इसे तैयार करना भी इतना आसान है कि आप कभी भी बना सकती हैं।

**आइए आप को बताते हैं बादाम में ऐसा क्या मिक्स करें जो हर तरह की त्वचा को फायदा पहुंचाए:**

सबसे पहले 3-4 भीगे हुए बादाम को छीलकर इसका पेस्ट तैयार कर लें। पेस्ट को एक कटोरी में डालकर इसमें 4 से 5 चम्मच कच्चा दूध मिक्स कर दें। अब ये फेस पैक इस्तेमाल करने के लिए रेडी है। 5-7 मिनट तक इसे फेस पर लगाकर रखें और फिर चेहरा धो लें।

# जय भानुशाली ने पहनी मैक्सी ड्रेस

**समाचार गेट/भावना कौशिश**



**नई दिल्ली।** जय भानुशाली और उनकी पत्नी माही विज का प्यार बेटी तारा के साथ सबको पता है। उन्होंने अक्सर तारा के साथ प्यारे वीडियो साझा किए हैं। हालांकि, हाल ही में जय ने एक मज़ेदार वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने माही की मैक्सी पहनी। यह वीडियो वायरल हो रहा है और लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

**जय भानुशाली अब क्या कर रहे हैं? :** प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें, तो जय भानुशाली पिछले साल टीवी शो हम रहें ना रहें हम में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 3 को होस्ट किया था। अभी उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट अनाउंस नहीं किया है।

**फैंस और सेलेब्स ने किए कमेंट- पापा तुस्सी ग्रेट :** जय भानुशाली के इस वीडियो पर फैंस का दिल आ गया है और वो तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, पाजी तुस्सी ग्रेट हो। एक और फैन का कमेंट है, इसे साबित होता है कि पापा बेटियों के लिए कुछ भी कर सकते हैं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# मरोड़ा निजामपुर लिंक रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया जा रहा है घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**


**नूंह।** खंड के गांव मरोड़ा निजामपुर लिंक रोड़ के निर्माण के दौरान संबंधित विभाग द्वारा घटिया सामग्री के इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इस बारे में ग्रामीणों ने कई बार विभाग को अवगत कराया है इसके बावजूद अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में संबंधित विभाग के प्रति रोष पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय बाद विभाग द्वारा इसके निर्माण की सुध ली तो उनको काफी उम्मीद जगी थी लेकिन इसके बाद विभाग द्वारा अब निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। बार बार ग्रामीणों के दखल के बाद भी विभाग के अधिकारी आंखे मूंदकर बैठे हैं। ऐसे में ग्रामीणों ने उपायुक्त, सीएम विंडों के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा करोड़ों की राशि खर्च कर रोड के निर्माण कार्य के दौरान बरती जा रही अनियमिताएं पर अगर प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया तो वह जल्द उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले सडक़बनी थी जोकि बनने के साथ अब टूटने लगी है। इसलिए इस पर संज्ञान लेना अनिवार्य है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण :**

ग्रामीण ब्लॉक समिति मेंबर शौकत हुसैन प्रधान, अब्बास सरपंच, मास्टर वाजिद, साहून खान एडवोकेट, अय्युब, जुबैर, सूबेदार खान, पूर्व सरपंच शरीफ, असलम खान, परवेज आलम, साबिर खान, रमजान, ताहिर ने बताया कि कई दिन पहले बना रोड अब टूटने लगा है इसलिए विभाग को मार्ग के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :**


इस बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता शमसेर सिंह ने कहा कि मरोड़ा निजामपुर लिंक रोड के निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी समय समय पर ली जा रही है। विभाग द्वारा पूरी तरह से सभी नियमों के आधार पर रोड कार्य किया जा रहा है। अगर किसी ग्रामीण को कोई शिकायत है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। सरकार व उपायुक्त के निर्देशानुसार विभाग द्वारा हर कार्य पारदर्शिता के साथ जिले में कराए जा रहे हैं। अगर किसी कारणवश कोई समस्या है तो उसका समाधान भी कराया जाता है। धरातल पर उनके विभाग द्वारा कराए जाने वाले सभी कार्य नियमों के आधार पर कराए जा रहे हैं।



# अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला निजी विद्यालयों में करवाने से पहले उसकी मान्यता जरूर जांच ले: परमजीत चहल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2024 से नए शैक्षणिक स्तर में दाखिले शुरू होने जा रहे है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि आप अपने बच्चों का दाखिला नजदीकी विद्यालय में जरूर करवाएं ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे इसके लिए सभी शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्था, जिम्मेवार नागरिक सहित सभी सामूहिक प्रयास करे। इसके साथ उन्होने आमजन से अनुरोध किया है कि आप अपने बच्चों का दाखिला निजी विद्यालय में करवाने से पहले उसे विद्यालय की मान्यता की कॉपी चेक करना सुनिश्चित करें तथा जो मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय जिस कक्षा तक चल रहा है उसी कक्षा तक अपने बच्चों का दाखिला उस विद्यालय में करवाए ताकि अभिभावकों को अपने बच्चे के भविष्य में किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े। वहीं उन्होंने निजी विद्यालय को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी विद्यालय जिस कक्षा तक मान्यता प्राप्त है उसी कक्षा तक दाखिला करे अन्यथा उनकी मान्यता रद्द हो जाएगी तथा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



# जेसीबी में बिजली की तार अटकने के कारण एक बिजली का खंबा सड़क के किनारे खड़ी कार पर गिर गया

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** सोहना के देवीलाल स्टेडियम के समीप जेसीबी में बिजली की तार अटकने के कारण एक बिजली का खंबा सड़क के किनारे खड़ी कार पर गिर गया। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत या रही की इस हादसे की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया।बताया जा रहा है कि स्टेडियम के समीप नगर परिषद के सफाई कर्मचारी जेसीबी लेकर कार्य कर रहे थे। इस दौरान उनके जी सी बी बिजली के तारों में अटक गई जिस कारण खंबा टूटकर नीचे कार पर आ गिरा। खंबे के साथ बिजली के तारे भी सड़क पर पूरी तरह से फैल गई। खंभा टूटने के बाद आसपास इलाके में अफरा तफरी फैल गई।आसपास दुकानों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।जिस वक्त खंभा गिरा उसे वक्त उसे स्थान पर ज्यादा चहल-पहल नहीं थी।हालांकि यह बस स्टैंड के समीप गेट है जहां पर काफी भीड़ रहती है।खंभा टूटने के बाद इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों को की गई।जिस पर मौके पर पहुंचे बिजली निगम कर्मचारियों ने बिजली आपूर्तियों को बंद किया वह बिजली को सुचारू रूप से चालू करने के लिए काम शुरू कर दिया। कार चालक जखौपुर निवासी विजय ने बताया कि वह किसी काम से सोहना तहसील में गया हुआ था। उसने अपनी कार को स्टेडियम के समीप खड़ा कर दिया। इसी बीच नजदीक नगर परिषद के कर्मचारी काम कर रहे थे जिनकी लापरवाही से यह हादसा घटा।

इस मामले में सोहना थाने में एक शिकायत दी गई है वहीं दूसरी तरफ बिजली निगम के अधिकारियों ने भी नुकसान की भरपाई के लिए एक शिकायत दी है। बिजली कर्मचारियों ने खंबा बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोहना की बात करें तो अब तक 30 खंबे टूट कर गिर चुके हैं

जांच अधिकारी बलजीत ने बताया कि शिकायत उन्हें मिली है लेकिन अभी दोनों पक्षों में आपसे बात चल रही है बाद में इन पर







# नूंह पुलिस ने 50 लाख रुपए की अवैध शराब व एक आरोपी को ट्रक सहित किया गिरफ्तार

**नूंह पुलिस ने 50 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब ट्रक सहित बरामद की है।**

**अवैध शराब भरकर ले जाने वाले ट्रक चालक को किया गिरफतार कर पुलिस ने अवैध शराब की 9336 बोतल की बरामद की है।**





**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह की सीआईए पुलिस ने फर्जी बिल और बिल्टी के माध्यम से गाड़ी ट्रक में भरे प्लाईवुड के नीचे अवैध शराब भरकर ले जाने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक से करीब पचास लाख रुपए कीमत की 778 पेटी अंग्रेजी अवैध शराब (9336 बोतल) बरामद की है। सीआईए नूंह प्रभारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए स्टाफ में तैनात सहायक उप-निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ गस्त में नूंह-सोहना रोड़ पर केएमपी पुल के नीचे मौजूद था। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई की एक ट्रक चालक अपने ट्रक में अवैध अग्रेजी शराब भरकर बेचने के लिए केएमपी रोड़ कुण्ड़ली से पलवल होते हुए बिहार जाएगा। सूचना के आधार पर टीम द्वारा उपरोक्त स्थान पर नाकाबन्दी शुरू की गई। जो कुछ समय बाद उक्त गाडी आती हुई दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम ने रोककर उसके चालक का नाम पता पुछा तो चालक ने अपना नाम अशोक कुमार पुत्र आईदान सिंह निवासी दुन्गारा जिला बाड़मेर राजस्थान बतलाया। नियमानुसार गाडी की तलाशी लेने पर गाड़ी में प्लाईवुड के नीचे अंग्रेजी शराब की अलग-2 मार्का की कुल 778 पेटी ( 9336 बोतल ) अवैध शराब भरी हुई थी। गाड़ी चालक से कागजात मांगने पर चालक ने जोधपुर राजस्थान से सिलीगुड़ी पशिचम बंगाल की बनी प्लाईवुड की एक फर्जी बिल बिल्टी पेश की तथा बरामद शराब के सम्बंध में कोई कागजात पेश नहीं किये। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर थाना रोजका मेव में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमा में ट्रक चालक अशोक कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। नूंह सीआईए थाना प्रभारी अमित कुमार का कहना है कि 50 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब सहित एक ट्रक व चालक को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ रोजगार में थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिसे नियम अनुसार अदालत में पेश किया जाएगा।

# रबी की फसल खरीद के पुख्ता इंतेजाम करें अधिकारी : अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा

**मंडियों में होनी चाहिए मूलभूत सुविधाएं, समूचित प्रबंधों का रखा जाए विशेष ध्यान**

**अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से की फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा**

**संबंधित एसडीएम को अपने क्षेत्र की मंडियों का दौरा करने के दिए निर्देश।**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** खाद्य एवं पूर्ति विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा ने कहा कि फसल खरीद के लिए जिला की मंडियों में सभी समूचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मंडियों में 26 मार्च से शुरू हुई सरसों तथा 1 अप्रैल से शुरू होने वाली गेंहू की खरीद के दृष्टिगत किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। खाद्य एवं पूर्ति विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा शुक्रवार को हरियाणा के समस्त उपायुक्तों के साथ मंडियों में सरसों व गेंहू खरीद प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि मंडियों में निर्बाद बिजली, शौचालय, साफ-सफाई और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने एसीएस सुमिता मिश्रा को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला नूंह की समस्त मंडियों में खरीद प्रक्रिया के सभी उचित प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जिला में 03 हजार 118 मीट्रिक टन सरसों की सरकारी खरीद हो चुकी है। सरकार की ओर से सरसों की फसल का 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से रेट निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त गेहूं की खरीद का कार्य आगामी एक अप्रैल से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला की नूंह, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना और तावडू की मंडियों में सरसों की खरीद की जा रही है। इसके अलावा जिला में अनाज के उठान व भंडारण के लिए भी पर्याप्त इंतजामात किए गए हैं। फसल खरीद का कार्य पूरी पारदर्शिता से किया जा रहा है। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला की सभी मंडियों का निरीक्षण करें और वहां सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। इसके साथ ही संबंधित एसडीएम मंडियों का दौरा कर वहां पर खरीद प्रक्रिया के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने बताया कि अबकी बार गेहूं की अधिक आवक होने की संभावना है, इसलिए गेहूं के उठान व भंडारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बारदाने व लिफ्टिंग के कार्य की समूचित व्यवस्था होनी चाहिए।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर एक खरीद केंद्र पर पुलिस विभाग की ओर से एक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाए। फसल खरीद के सीजन के दौरान मंडियों के आस-पास यातायात व सुरक्षा के प्रबंधन में किसी प्रकार की कोताही न हो। उन्होंने बताया कि गेंहू की खरीद के लिए जिला में नूंह, तावडू, पिनगवां, पुन्हाना, फिरोजपुर-झिरका में सेंटर बनाए गए है। यहां एक अप्रैल से 2275 रूपए प्रति क्विटल के हिसाब से गेहूं खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के बाद किसानों की फसल का तत्परता से भुगतान कर दिया जाए। किसानों के लिए मंडी में विश्राम, बिजली, पानी आदि का पूरा प्रबंध होना चाहिए। फसल बेचने आए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। वीसी में सहायक पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सिंह, डीएफएससी महेश यादव, कृषि विभाग के एसडीओ डा. अजीत सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# फसल खरीद के दौरान किसानों को न आने दी जाए कोई परेशानी : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा



**केंद्र सरकार ने सरसों के लिए 5 हजार 650 रुपए व गेंहू का एमएसपी 2 हजार 275 रुपए प्रति क्विंटल किया निर्धारित**

**डीसी धीरेंद्र खडग़टा ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी।**

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से रबी फसल खरीद के दौरान मंडियों में आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न आने दी जाए, संबंधित विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिला की समस्त मंडियों में सभी व्यापक प्रबंध समय पर सुनिश्चित कर लिए जाएं। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा शुक्रवार को रबी सीजन फसल खरीद की विडियों कांफ्रेंस के उपरांत प्रेस संवाददाताओं को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के संबंध में संबंधित अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दे दिए गए है।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि मंडी में सरसों व गेंहू ब्रिकी के लिए आने वाले किसानों की मूलभूत सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए संबंधित विभाग आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। रबी फसलों की खरीद के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रहीं हैं। नूंह जिला की मंडियों में गेंहू व सरसों की खरीद के लिए नूंह, फिरोजपुर-झिरका, पिनगवां, पुन्हाना व तावडू में खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला में हैफेड और खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा निर्धारित नियमानुसार फसल की खरीद की जाएगी। सरकार ने इस वर्ष सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपए प्रति क्विंटल और गेंहू की फसल के लिए 2 हजार 275 रुपए प्रति क्विंटल रेट तय किया है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मंडियों में फसल खरीद के लिए निर्धारित किए गए मापदंडों को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें, ताकि किसानों को परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों की सुविधा के अनुसार पूरा ध्यान रखा जाएगा। किसानों के लिए मंडियों में पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की पूरी व्यवस्था रहेगी, ताकि फसल उठान में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान निर्धारित मापदंडों का उपयोग करते हुए किसानों की फसल को व्यवस्थित तरीके से खरीदना संबंधित विभाग व एजेंसी की जिम्मेदारी है और वे इसे बखूबी निभाएंगा।

# भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जारी किए निर्देश : जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं व पोलिंग अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मतदान में सहायता प्रदान करने वाले स्वयं सेवकों के लिए भी विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गर्मियों के दौरान प्रत्येक मतदान दल को उनके स्वयं के उपयोग के साथ-साथ लू के कारण इसकी आवश्यकता वाले सभी मतदाताओं के लिए ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओआरएस) की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि लू लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें संदर्भ में एक हैंड-बिल तैयार किया जाए और उन्हें प्रत्येक मतदान दलों को दिया जाए। मतदाताओं से खुद को निर्जलीकरण से बचाने के लिए गीले तौलिए अपने साथ लेकर जाने की अपील की गई है और महिला मतदाताओं को गर्म मौसम की स्थिति के दौरान छोटे बच्चों को अपने साथ मतदान केंद्रों पर लाने से बचने की भी सलाह दी गई है। मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों के कार्यालयों से पैरामेडिकल स्टाफ की सेवाओं को भी मतदान केंद्र पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की कतार का प्रबंधन करने के लिए एनसीसी/एनएसएस/स्काउट एंड गाइड के स्वयं सेवकों को तैनात किया जाएगा। दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में स्वयं सेवकों द्वारा सहायता की जाएगी और आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर प्रदान की जाएगी। दिव्यांग मतदाता सक्षम-ईसीआई ऐप पर पंजीकरण करके व्हीलचेयर सुविधा के लिए अनुरोध कर सकते हैं। स्वयं सेवक मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार तक दिव्यांग मतदाताओं का मार्गदर्शन करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र के अंदर मतदान कर्मियों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

# ट्रांसपोर्ट मालिक के साथ मिलकर बुक कराई गई कारो को बुकिंग वाले स्थानो पर न भेजकर उन्हें खुद करता था प्रयोग

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने ट्रांसपोर्ट मालिक के साथ मिलकर बुक कराई गई कारो को बुकिंग वाले स्थानो पर न भेजकर उसे खुद प्रयोग करके धोखाधड़ी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया की दिनांक 01 जनवरी 2024 को सूचना मिली कि जिला चरखी दादरी के गांव पैतांवास कला हाल आबाद रेवाड़ी निवासी अरुण कुमार ने गुरुग्राम में बालाजी ट्रासको मूवर्स के नाम से ट्रांसपोर्ट ऑफिस खोला हुआ है। जो अपने ट्रांसपोर्ट से गाडी मालिक कि कारो को एक स्थान से दुसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए बुंकिग करता है। यह कार को बुकिंग वाले स्थानो पर न पहुचांकर अपने साथी कपिल पुत्र कालुराम निवासी गुर्जरवाडा थाना शहर रेवाडी के साथ साजबाज होकर उन वाहनों को खुद प्रयोग करके धोखाधड़ी करता है। अरुण कुमार व कपिल रेवाडी के अन्दर काफी गाडिया धोखाधडी से लाकर उनको बेच देते हैं। कपिल के पास अरुण द्वारा दी एक कर्नाटक नंबर और दिल्ली नंबर की दो कार है जिनको तय स्थान पर पहुंचाने की बजाय खुद प्रयोग कर रहे हैं। कपिल अभी बावल से रेवाड़ी की तरफ आ रहा है। जिस सूचना बाद एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस टीम ने गांव कमालपुर बिठवाना रेवाडी बाई पास पुल के नीचे पहुंचकर नाकाबन्दी शुरु कर दी। इसी दौरान आई एक टियागो कार के चालक को रूकने का इशारा किया तो उसने वापस भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे मोके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कपिल मोहल्ला गुजर्रवाड़ा बताया। आरोपी ने बताया कि यह गाड़ी उसे अरुण ने दी है जिसका ट्रांसपोर्ट का ऑफिस गुरुग्राम में है। जो गाडियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने के लिए पहले ही पैसे ले लेता है लेकिन उनको वहां भेजने की बजाय उसके पास भेज देता है। यह कार भी मोहाली से बैंगलोर भेजी जानी थी लेकिन तीन माह से उसी के पास है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इस के आलावा उसके पास एक वैग्नार कार भी है तथा दो गाड़ी उसने मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी विक्रम पुत्र महाबीर व मोहल्ला गुर्जरवाड़ा हाल गांव धामलाका निवासी कर्ण उर्फ़ करनी को दे रखी है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करके मामले में तीन आरोपी कपिल, विक्रम व कर्ण उर्फ़ करनी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था तथा आरोपियों के कब्जे से 04 कार बरामद की गई थी। जो इस मामले में एंटी व्हीकल थैफ्ट पुलिस ने वीरवार को एक और आरोपी जिला चरखी दादरी के गांव पैतांवास हाल सेक्टर-4 रेवाड़ी निवासी अरुण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके 04 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

**पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार।**


**कार मोहाली से जानी थी बैंगलौर मगर नहीं पहुंचाई।**

# रेवाड़ी में डायल 112 ने बुजुर्ग को कुचला, सड़क क्रॉस कर पानी लेने जा रहा था बुजुर्ग

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** दिल्ली जयपुर हाईवे पर बावल के साबन पुल के पास सड़क क्रॉस करता हुआ एक बुजुर्ग डायल 112 की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। बावल थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार फरीदाबाद जिले के गांव बादशाहपुर निवासी रतनलाल बिधूड़ी उम्र 64 वर्ष गुरुवार को किसी काम से वैगनआर कार लेकर जयपुर गया था। देर रात वह जयपुर से फरीदाबाद स्थित अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 10:00 बजे दिल्ली जयपुर हाईवे पर साबन पुल के पास रॉयल ढाबा के सामने अपनी कार को खड़ी कर वह सड़क पार पीने के लिए पानी की बोतल खरीदने जा रहे थे तभी सामने अचानक तेज रफ्तार से आ रही डायल 112 ने रतन लाल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रतनलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें आसपास के लोगों ने संभाला और बवाल स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रेवाड़ी ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। चिकित्सकों न ज्यादा चोट लगने की वजह से रतनलाल को अमृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद बावल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने इसकी सूचना रतनलाल के परिजनों को दी। शुक्रवार को रतनलाल के शव का पोस्टमार्टम कराया व सव परिजनों को सौंप दिया। रतनलाल के दो लड़के और दो लड़कियां हैं। बावल थाना प्रभारी लाजपत ने बताया कि परिजनों के बयान पर डायल 112 के ड्राइवर कांस्टेबल विपिन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# बावल अनाज मंडी में सरकारी खरीद हुई शुरू

## 52 किसानों की खरीदी 1080 किंवन्टल सरसों

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** बावल अनाज मंडी में शुक्रवार को सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है। एसडीएम मनोज कुमार के मार्गदर्शन में सरकारी खरीद के मौके पर सहायक सचिव राकेश यादव, हैफेड के परचेजर मनोज कुमार, भूप सिंह, आक्शन रिकार्डर , तेजपाल, सुमेर, सज्जन कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। खरीद एजेंसी ने नमी की मात्रा का नाप कर सरकारी खरीद शुरू की। एजेंसी बावल मंडी में न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए से खरीद कर रही है। बावल अनाज मंडी में पिछले साल भी किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी गई। बावल में 32653 रकबे में 7760 किसानों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। सहायक सचिव राकेश यादव ने बताया कि मंडी में खरीद के बिजली, पानी व दूसरी जरूरी सुविधाओं के साथ साफ सफाई कर दी गई है। मंडी में किसान को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। किसान सरसों को सुखाने के साथ साथ साफ करके लाये। 8 प्रतिशत से अधिक नमी वाली सरसों को नहीं खरीदा जाएगा। मेरी फसल मेरा ब्योरा के पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले किसानों की खरीद करेगी।



पहले दिन दौपहर तक 52 किसानों की 1080 किंवटल की खरीद हुई। शुक्रवार 29 मार्च को गांव जलियांवास, जलालपुर, आरामनगर, सुठाणा के किसानों की सरसों की निर्धारित एमएसपी पर खरीद हुई। मंडी में आज सुठानी, सुठानी की ढाणी, परयागपुरा, नरसिंहपुर गढ़ी, मोहनपुर, खेड़ी धरचाना गांवों की खरीद होगी। यदि कोई किसान बिना उक्त शेड्यूल / रोस्टर के सरसों की उपज मंडी में बेचने के लिए लाता है तो उसकी सरसों की फसल की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी सप्ताह का शेड्यूल भी शीघ्र जारी किया जाएगा। सहायक सचिव राकेश यादव ने बताया कि किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी सरसों की फसल को अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके जिस दिन उनके गांव का नम्बर हो उसी दिन सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक किसी भी समय ला सकता है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन ई-खरीद में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर करवाया हुआ है केवल वही किसान नई अनाज मंडी बावल में अपनी सरसों लेकर आएं ताकि किसानों को को अपनी सरसों बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेट पास कटवाने के लिये किसान अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आएं। सहायक सचिव ने बताया कि सरसों की सरकारी खरीद सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650/- रुपये प्रति क्विंटल तथा 8 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से सरकारी नियमों के अनुसार एक दिन में अधिकतम 25 क्विंटल की खरीद की जायेगी। सरसों की खरीद गावों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी ताकि किसानों को समस्या का सामना न करना पड़े।

# नीमराणा के फोर्ट पैलेस में होगी बांझपन की समस्या समाधान पर कॉन्फ्रेंस

**इंडियन फर्टिलिटी समिति के हरियाणा चैप्टर की ओर से आयोजित की जा रही इस कांफ्रेंस की सभी तैयारियां पूरीं**



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** देश-प्रदेश के साथ ही इलाके में बढ़ती बांझपन की समस्या के समाधान को लेकर स्थानीय महिला रोग चिकित्सक एवं बांझपन विशेषज्ञा डॉक्टर सीमा मित्तल ने अपने जी तोड़ प्रयास तेज कर दिए हैं ।इसी सिलसिले में उन्होंने देशभर से 100 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की विशाल कॉन्फ्रेंस 30 -31 मार्च को बुलाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉन्फ्रेंस में देश के नामी गिरामी विशेषज्ञ डॉक्टर भाग लेंगे । समीपवर्ती कस्बा नीमराणा के फोर्ट पैलेस में आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम की आयोजन समिति की एक बैठक को ललिता मेमोरियल अस्पताल में संबोधित करते हुए डॉक्टर सीमा मित्तल एवं आई एम ए के पूर्व जिला प्रधान डॉक्टर घनश्याम मित्तल ने कहा कि सामाजिक सरोकार के तहत बांझपन के निवारण में वे हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बांझपन की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समस्या के निदान के लिए नित नए तरीके इजाद भी किये जा रहे हैं , मगर आवश्यकता है कि उन सभी नई तकनीकों को जाना जाए और उनका उपयोग मरीजों के हित में किया जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए हर मां को एक बेहतरीन मातृत्व प्रदान करने की दिशा में इंडियन फर्टिलिटी समिति जो कि भारत की प्रमुख बांझपन निवारक समिति है , के हरियाणा चैप्टर की एक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है । इसमें संपूर्ण हरियाणा ही नहीं , अपितु भारत के 100 चिकित्सक शिरकत करेंगे जिसमें मुख्य रूप से कर्नल पंकज तलवार, डॉक्टर के.डी नायर डॉक्टर सुरवीन घुम्मन, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीना मल्होत्रा मिलिट्री मेडिकल कॉलेज आरआर दिल्ली से विभाग प्रमुख डॉक्टर प्रसाद लेले के अतिरिक डा निकिता नरेदी, डाक्टर इपशिता, डॉक्टर ब्रिगेडियर सुनील टेकियर, सर गंगाराम अस्पताल दिल्ली से डाक्टर श्वेता मित्तल, चंडीगढ़ से डाक्टर उमेश जिंदल, दिल्ली से वरिष्ठतम बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर गौरी देवी, रोहतक मेडिकल कॉलेज से डॉक्टर पूजा सिन्हा, गुरुग्राम से डाक्टर दिव्या, नीरू, सोनू, शालू, रीमा, निताशा, मीनाक्षी, प्रिया मौलाना आजाद के पूर्व चिकित्सक डाक्टर योगेश, रेवाड़ी से डाक्टर अलका, अनुभूति, प्रीति, सुनीता, सुरेखा, अंशू, जया, सुरेन्द, कीर्ति, सुनीता, नारनौल से डाक्टर रत्ना, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद यादव तथा एचएमसी प्रधान डाक्टर अनेजा विशेष रूप से शिरकत करेंगे। चंडीगढ़ से वरिष्ठ बांझपन विशेषज्ञ डॉक्टर उमेश जिंदल सहित कुल मिलाकर 100 से अधिक चिकित्सक इसमें भाग लेंगे

रेवाड़ी की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सीमा मित्तल व डॉ घनश्याम मित्तल ने आगे कहा कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य चिकित्सकीय नवाचार के तहत विचारों का आदान-प्रदान करना तथा नई-नई तकनीक से सभी युवा डॉक्टर्स को अवगत कराना भी है। कार्यक्रम की आयोजनकर्ता डॉक्टर सीमा मित्तल ने बताया कि विगत वर्षों में भी उन्होंने प्रयास किये हैं , मगर समय के साथ कदम बढ़ाते हुए सामान्य शहरों में रहने वाले डॉक्टर भी बांझपन मरीज को बेहतर सुविधाएं न्यूनतम दरों पर दे सकें, इसी उद्देश्य को रखते हुए 30 - 31 मार्च को राजस्थान के नीमराणा फोर्ट पैलेस में कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संकल्प जताया कि इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी निकट भविष्य में ग्रामीण अंचल में जाकर मरीजों को जागरूक करने के लिए समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर पंकज तलवार की अध्यक्षता में विशेष अभियान चलाएगी।

# दादा ने पोता होने की खुशी में किन्नर को दिया 15 लाख का प्लॉट गिफ्ट



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** जब किसी के घर में शादी की खुशी हो या फिर बेटे का जन्म किन्नर बधाई लेने जरूर आते हैं। परिवार किन्नर को सम्मान के रूप में उन्हें गिफ्ट या कैश जरूर देते हैं। शुक्रवार को रेवाड़ी में किन्नरों को एक ऐसा गिफ्ट मिला जिसे सुनकर वह भी दंग रह गए क्योंकि ऐसा गिफ्ट जीवन में उन्हें पहली बार मिला है।

रेवाड़ी शहर की सती कॉलोनी निवासी शमशेर सिंह के घर में कुछ दिन पहले पोते ने जन्म लिया था। शमशेर सिंह पैसे से बड़े जमींदार हैं उनकी पुस्तैनी जमीन शहर के आसपास काफी ज्यादा है। शमशेर सिंह के बेटे प्रवीण यादव पेशे से एडवोकेट हैं। कुछ समय पहले प्रवीण को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। प्रवीण यादव ने पहले ही संतान के रूप में बेटे का जन्म होने पर खूब खुशियां मनाई। खुशियों की इसी कड़ी में शुक्रवार में शमशेर सिंह के घर किन्नर सपना गुरु, हिना व कोमल पहुंची।

आमतौर पर जैसे हर घर में किन्नर बधाई लेने पहुंचते हैं ठीक उसी तरह शमशेर के घर भी किन्नरों ने गीत गाना और नाचना शुरू किया। किन्नरों के शमशेर के घर पहुंचने की जानकारी के बाद आसपास की महिलाएं भी काफी संख्या में पहुंच गई। करीब 10 मिनट तक यह कार्यक्रम चला उसके बाद नवजात पुत्र की खुशी में दादा शमशेर सिंह ने गिफ्ट के तौर पर 100 वर्ग गज का प्लाट देने की घोषणा की। प्लॉट की राशि 12 से 15 लाख रुपए बताई जाती हैं। शमशेर सिंह ने सभी के बीच में कहा कि वह किन्नरों को एक प्लॉट देंगे। इसके बाद शमशेर सिंह ने किन्नरों से पूछा कि कोई और जरूरत हो तो वह भी बताएं। शमशेर सिंह ने यह भी पूछा कि आप इस प्लाट में क्या करेंगे तो किन्नर ने बताया कि वह पशु बांधेंगे।


इस पर शमशेर सिंह ने कहा कि भैंस भी चाहिए हो तो वह भी बता देना वह भी दे देंगे। दरअसल किन्नरों को दिया यह प्लाट शहर के झज्जर रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी और राम सिंह पुरा के बीच में है। इसकी फिलहाल कीमत 12 से 15 लख रुपए है। किन्नर सपना गुरु ने कहा कि उन्हें बधाई मांगते हुए करीब 20 साल हो गए लेकिन इस तरह का गिफ्ट उन्हें जीवन में पहली बार मिला है। शमशेर सिंह के परिवार ने हमारी खुशियों की झोली भर दी। शमशेर सिंह के परिवार ने समाज के लिए नए केवल एक नजीर पेश की है बल्कि किन्नरों की समाज में अहमियत भी दर्शा दी है।

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री का करीबी पार्षद गिरफ्तार

## पुलिस ने घर से उठाया, डेढ़ साल पुराना केस, पार्षद बोला मैंने कुछ गलत नहीं किया

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** शहर के वार्ड नंबर 11 से पार्षद दिलीप माटा को शुक्रवार सुबह मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पार्षद पर करोड़ों रुपए की दुकान को धोखाधड़ी से हड़प करने के मामले में डेढ़ साल पहले एफआईआर दर्ज हुई थी। 5 महीने पहले भी पुलिस टीम ने पार्षद के घर पर रेड भी की थी, मगर पार्षद फरार था। पार्षद दलीप माटा को हरियाणा के पूर्व कांग्रेसी मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का करीबी माना जाता है। वह तीन बार पार्षद भी रह चुका है। हम आपको बता दे शहर के टीपी स्कीम निवासी राकेश कुमार ने नवंबर 2022 में मॉडल टाउन थाना में नौ लोगों पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई थी इसमें वार्ड नंबर 11 से पार्षद दिलीप माटा का नाम भी शामिल है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पार्षद ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी लगाई थी जिसे कोर्ट ने रिजेक्ट कर दिया




था, हालांकि पार्षद का दावा है कि उन्हें कोर्ट और पुलिस से जमानत मिल चुकी थी। मगर इसके बाद से ही दिलीप माटा फरार थे। उन पर एक दुकान से जुड़े फर्जी दस्तावेजों को आईडेंटिफाई करने के अलावा आरोपियों के पक्ष में हलफनामा देने का भी आरोप है। दरअसल नई सब्जी मंडी की एक दुकान शिकायतकर्ता राकेश कुमार के पिता किशन लाल के नाम पर थी। किशन लाल की मौत के बाद राकेश और उसकी बहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लानिंग के तहत कुछ लोगों ने दुकान हड़प ली। राकेश कुमार ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को शिकायत देकर 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। करीब 5 महीने पहले इसी मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस की एक टीम ने पार्षद दिलीप माटा के तेजपुरा स्थित घर पर रेड भी की थी लेकिन उसे वक्त दिलीप माटा घर पर नहीं मिले थे। डेढ़ घंटे घर की तलाशी लेने के बाद पुलिस टीम वापस लौट गई थी। आज प्रात: पुलिस की टीम एक बार फिर तेजपुरा स्थित दिलीप माटा के घर पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया। माटा को मॉडल टाउन थाना में लाया गया। पुलिस टीम दिलीप माटा से पूछताछ कर रही है। मॉडल टाउन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि 2022 में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई थी इसी केस में दिलीप माटा को गिरफ्तार किया है, इधर दिलीप माटा ने खुद को हिरासत में लिए जाने के बाद कहा कि मेरे खिलाफ जो केस बनाया था उसमें मेरी जमानत थाने से और कोर्ट से हो गई थी।

दूसरी पार्टी शिकायतें करती रहती है मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता और ना कोई चिंता है। पुलिस मुझे लेकर आई है कोई पूछताछ करनी है तो कर ले, मुझे न्यायालय पर पूरा विश्वास है। मैं उस पर मानहानि का मुकदमा करना चाहता था लेकिन अभी नहीं किया। जिस मुकदमे में मुझे शामिल किया गया है उसमें मैंने सिर्फ एक कागजात को आईडेंटिफाई किया था। जो पार्टी मेरे पास एफिडेविट लेकर आई थी उसे आईडेंटिफाई किया है। मैंने कोई गलत काम नहीं किया है।

# जिला शिक्षा अधिकारी नसीब सिंह का खोल खंड में हुआ विदाई सम्मान समारोह

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** खंड शिक्षा अधिकारी खोल व खोल ब्लॉक के प्राचार्य की तरफ से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खोल में डीईओ नसीब सिंह का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डिप्टी डीईओं महेंद्र सिंह खनगवाल व खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तवंर, प्राचार्य नरेंद्र यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। मंच संचालन प्रवक्ता राजकुमार ने किया। हजरस खोल के पदाधिकारियों ने भी डीईओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सराहनीय कार्यो को याद किया। समारोह में सभी वक्ताओं ने डीईओ नसीब सिंह के कार्य, व्यवहार एवं उपलबधियों की प्रशंसा की। डीईओं नसीब सिंह के शिक्षा विभाग में किये गये कार्यो के अलावा वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा से जोडने.के लिए जी तोड़ कार्य किया। डीईओं नसीब सिंह ने कहा कि सेवानिवृति के बाद पे टू बैक सोसायटी की अवधारणा पर चल कर भावी पीढ़ी को शिक्षित व जागरूक करने के लिए लगे रहेंगे। सभी ने उनके सुखमय जीवन की मंगलकामना की। हजरस के खंड प्रधान संजय कुमार व पूर्व जिला प्रधान रमेश अहरोदिया ने स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर प्राचार्य राकेश शर्मा, प्राचार्य अनिल कुमार, संतोष कुमारी, हैडमास्टर कृष्ण कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## सीनियर सेकेंडरी स्कूल माजरा में शुक्रवार को मनाया प्रवेश उत्सव




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** माजरा गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर संजय मेहरा रहे। इस मौके पर डॉक्टर संजय मेहरा ने कहा कि मनुष्य का जीवन शिक्षा के बगैर बेकार है। शिक्षा विहीन मनुष्य जीवन में कभी उन्नति नहीं कर सकता। शिक्षा मनुष्य को रहने और विकसित जीवन जीने का रास्ता दिखाती है। डॉ. संजय मेहरा ने कहा शिक्षित मनुष्य न केवल अपने जीवन को विकास के रास्ते पर ले जाता है बल्कि समाज को एक नई दिशा भी देता है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि परिवार का ही नहीं देश का भी विकास हो सके। इस मौके पर माजरा गांव के सरपंच रविंद्र हाथी ने भी शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए शिक्षित समाज बनाने की अपील की। इस कार्यक्रममें नवागत शिक्षार्थियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रिंसिपल संतोष कुमारी, मुकेश यादव, सुभाष माजरा, संदीप डाबला, मास्टर अतर सिंह पाली सहित अनेक ग्रामीण स्कूल स्टाफ सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सामाजिक कार्यो को प्राथमिकता देना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य : ब्रिज गुप्ता

## धूमधाम से मनाया गया गोल्डन लॉयनेस क्लब का स्थापना दिवस

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** गोल्डन लॉयनेस क्लब का स्थापना दिवस शुक्रवार को यहां के रुद्राक्ष पैलेस में विशेष धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्लब की गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई वहीं उल्लेखनीय कार्य करने वाली सदस्याओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में क्लब की जनपद अध्यक्षा लाइनेस ब्रिज गुप्ता थी तथा अध्यक्षता क्लब की प्रधान पूजा भार्गव ने की। कार्यक्रम का शुभ आरंभ अनुजा खुराना द्वारा ध्वज वंदना से किया गया तत्पश्चात रितु शर्मा ने क्लब के नैतिक सिद्धांत एवं रूपरेखा की जानकारी प्रस्तुत की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि लायनेस ब्रिज गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर गर्भवती महिलाओं की जांच, स्तन कैंसर की जांच एवं वृद्धौ की सेवा आदि करना जारी रहना चाहिए। क्लब की मैनटर डॉक्टर तृप्ति भार्गव ने क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब की गतिविधियों का लाभ गरीब महिलाओं एवं बच्चों को अधिक से अधिक मिलना चाहिए।




क्लब की प्रधान पूजा भार्गव ने सभी का स्वागत करते हुए क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद की जन संपर्क अधिकारी रानी नरवाना, सचिव पुष्प लता एवं वरिष्ठ सदस्या रत्ना गोयल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लाइनेस रीता भार्गव, नेहा भार्गव अंकिता भार्गव का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर लायनेस अनीता यादव, नलिनी यादव, कुसुम शर्मा, उषा रूस्तगी, पूनम शर्मा जयमाला, संगीता यादव, सरिता अग्रवाल, डॉक्टर निर्मल यादव, मधु भार्गव, प्रेरणा डाटा, वीना यादव, डॉक्टर सुमन लता एवं वंदना सहित क्लब की अन्य सदस्यायें मौजूद थी।

## आईजी ने पुलिस लाईन में जब्त किए गए नशीले पदार्थो का किया औचक निरीक्षण

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** साउथ रेंज रेवाड़ी आईजी राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार पुलिस लाईन रेवाड़ी में नशीले पदार्थों की मदों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीएसपी आशीष चौधरी, डीएसपी कोसली जयसिंह व जिला पुलिस लाईन के अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। आईजी साउथ रेंज ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े गए नशीले पदार्थों का निरीक्षण किया। इस दौरान मामलो का निरीक्षण कर उनके रखरखाव बारे निर्देश दिए। जब्त मामलों के रिकॉर्ड और उनकी चैकिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साउथ रेंज आईजी निरीक्षण के दौरान संतुष्ट दिखाई दिए। जिला पुलिस द्वारा समय समय पर नशीले पदार्थों को सेक्टर 37 गुरुग्राम की कंपनी में उच्च अधिकारियों की निगरानी में नष्ट किया जा रहा है। इससे पूर्व आईजी महोदय ने लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में लोकसभा चुनाव मध्य नजर शशांक कुमार सावन पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी, उपायुक्त राहुल हुड्डा सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।